



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

अप्रैल–2023

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### सैनिक सम्मेलन

- दिनांकः 17.03.2023 : श्री अनिल अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा 75 जनपदों तथा पुलिस रेडियो मुख्यालय में नियुक्त कार्मिकों का सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपना परिचय दिया गया। सम्मेलन में पुलिस रेडियो विभाग के कार्यकलापों (मुख्यतः ऑपरेशन, प्रॉवीज़निंग, मानव सम्पदा एवं पदोन्नति तथा प्रशिक्षण) पर उपमहानिरीक्षकगण द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया।

  पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा विभाग के तकनीकी उन्नयन हेतु सभी कार्मिकों से सुझाव आमंत्रित किये गये तथा सभी को नयी–नयी तकनीकियाँ सीखने एवं उन्हें विभाग के हित में लागू करने के प्रति प्रेरित तथा प्रोत्साहित किया गया। सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा कार्मिकों की कठिनाईयों को विस्तार से सुना गया तथा तत्काल निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सम्मेलन यूपी 112 के स्थापित नेटवर्क पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।















## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत | |
| 24.03.2023 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 26.03.2023 | प्रयागराज |
| 24.03.2023 | वाराणसी |
| 23.03.2023 | वाराणसी |
| 03.03.2023 | मथुरा |
| 02.03.2023 | मथुरा, आगरा |
| मा0 राज्यपाल, हिमाँचल प्रदेश | |
| 21–22–23.03.2023 | गोरखपुर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 29.03.2023 | कुशीनगर |
| 28–29.03.2023 | गोरखपुर |
| 29.03.2023 | कुशीनगर |
| 28.03.2023 | बस्ती |
| 24.03.2023 | वाराणसी |
| 21–22.03.2023 | बलरामपुर |
| 21.03.2023 | गोण्डा |
| 13.03.2023 | महोबा |
| 17–18.03.2023 | वाराणसी |
| 12–13.03.2023 | गोरखपुर, महोबा |
| 06–07–08–09.03.2023 | गोरखपुर |

- दिनांक 29.03.2023: जनपद अलीगढ़ में सम्पन्न कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा के लिए श्री जवाहर सिंह, रेडियो निरीक्षक, अलीगढ़ को पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ़ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ द्वारा "शौर्य सम्मान –2023" से सम्मानित करते हुए पदक एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।


45 पुलिस अफसरों और कर्मियों को मिला शौर्य सम्मान
होटल आभा रीजेंसी में हुआ शौर्य सम्मान-2023 कार्यक्रम, डीआईजी सुरेश राव आनंद कुलकर्णी और एसएसपी कलानिधि नैथानी रहे मौजूद

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन– निर्देश/2010 दिनांक 02.03.2023 द्वारा ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दिनांक 03.03.2023 से ग्रीष्मकालीन वर्दी धारण करने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–एक– 34(25)2023 दिनांक 02.03.2023 के माध्यम से उपनिदेशक/सीनियर कोर्स आयोजक, सरदार बल्लभभाई पटेल, नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद के पत्र दिनांक 03.03.2023 द्वारा प्रस्तावित "Prime Minister's Silver Cup Essay Competition-2023 के सम्बन्ध में इच्छुक कार्मिक द्वारा निबन्ध प्रस्तुत किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।
- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के परिपत्र संख्याः 10/2023 दिनांक 11.03.2023 द्वारा रिट (सी) संख्याः 1266/2023, प्रेमलता मौर्या बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांकित 16.02.2023 के अनुपालन हेतु सर्वसम्बन्धित को सूचित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक, उ0प्र0 के फैक्स सन्देश संख्याः डीजी–एक–18(02)–2023 दिनांक 28.02.2023 द्वारा श्री अनिल कुमार अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक (केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस) की नवीन नियुक्ति–पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उ0प्र0 एवं पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 (अतिरिक्त प्रभार) के सन्दर्भ में दिनांक 01.02.2023 को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया गया।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के रेडियोग्राम संख्याः डीजी–1–18(03)–2023 दिनांक 31.03.2023 द्वारा डा0 आर0के0 विश्वकर्मा, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 31.03.2023 के अपरान्ह में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का कार्यभार ग्रहण किये जाने एवं कार्यालय दूरभाष नम्बरः 0522–2390240 एवं सीयूजी नम्बरः 9454400101 से सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः एम–405/2023 (मिसलेनियस) दिनांक 03.03.2023 द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो, नई दिल्ली के पत्र संख्याः CCTNS(103)/HACKA/103/NCRB/2020 दिनांक 24.03.2023 में माध्यम से 4TH CCTNS HACKATHON & CYBER CHALLENGE-2023 प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु ईच्छुक कर्मी वेब पोर्टल http://cyberchallenge.in पर अन्तिम तिथि दिनांक 10.05.2023 के पूर्व आवेदन किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- दिनांक 17.03.2023 को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से पुलिस रेडियो मुख्यालय एवं फील्ड में नियुक्त समस्त राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ किये गये सम्मेलन सम्बन्धी उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय, उ0प्र0 के कार्यवृत्त संख्याः सीए/डीजी–गोष्ठी/2023 दिनांक 28.03.2023 द्वारा कतिपय दिशा–निर्देश दिये गये हैं।
- निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः निदेशक–मिस/2023 दिनांक 24.03.2023 द्वारा पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 03.03.2023 को सम्पन्न समीक्षा बैठक के सम्बन्ध में जारी कार्यवृत्त दिनांक 05.03.2023 द्वारा वर्चुअल क्लास हेतु जनपदों को निर्गत किये गये कम्प्यूटर सिस्टम का ड्राय रन कराकर उनकी क्रियाशीलता चेक करने एवं हिन्दी में मोर्स कोड के माध्यम से एच0एफ संचार स्थापित करने हेतु अर्ह प्रशिक्षकों/प्रशिक्षुओं का चयन कर प्रशिक्षण देने के उपरान्त प्रतियोगिता आयोजित कराये जाने हेतु उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण को निर्देशित किया गया है।
- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पत्र संख्याः एम–405/2023(मिसलेनियस) दिनांक 31.03.2023 द्वारा पुलिस महानिदेशक एवं राज्य पुलिस प्रमुख, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के अ0शा0पत्र संख्याः कल्याण–पीएसपी–2022/2023 दिनांक 25.03.2023 के माध्यम से पुलिस कर्मियों के भारतीय स्टेट बैंक में प्रचलित पी0एस0पी0 खातों के एम0ओ0यू0 समाप्ति पर अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से शासन से अनुमोदनोपरान्त बैंक ऑफ बड़ौदा से दिनांक 21.03.2023 को एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किये जाने के फलस्वरूप देय लाभों का विवरण अंकित करते हुए पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## पदोन्नति

● उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–428/2022 दिनांक 09.03.2023 द्वारा निम्नलिखित प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक यांत्रिक को रिक्ति के सापेक्ष रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 881/बैजनाथ त्रिपाठी, लखनऊए 2. 3550/धर्मेन्द्र नाथ धर दुबे, लखनऊ, 3. 3579/विष्णु कान्त, लखनऊ, 4. 839/संजय कुमार गुप्ता, 34वीं वाहिनी पीएसी, वाराणसी, 5. 809/आनन्द कुमार गुप्ता, 02वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर, 6. 961/जय सिंह यादव, रेडियो मुख्यालय, 7. 4510/प्रीती बाला, रेडियो मुख्यालय, 8. 3553/मुहम्मद जाहिद अली, अमेठी, 9. 3600/देवेन्द्र नारायण मिश्र, प्रतापगढ़, 10. 982/राम किशोर गौड़, कौशाम्बी, 11. 945/मुकेश चन्द्र पाण्डेय, 20वीं वाहिनी पीएसी, आजमगढ़, 12. 897/सैयद यूसूफ हसन, सुरक्षा मुख्यालय, 13. 1515/आशुतोष सिंह, 05 केडी, 14. 1033/हनुमान सिंह, अयोध्या, 15. 452/प्रवीण प्रताप सिंह, बुलन्दशहर, 16. 3585/अखिलानन्द राय, वाराणसी, 17. 3588/अनमोल सिंह चौहान, कन्नौज, 18. 3571/सत्य देव, फिरोजाबाद, 19. 911/अशोक कुमार, गाजियाबाद, 20. 790/दिनेश प्रताप सिंह, बाराबंकी, 21. 1034/अभितेन्द्र बहादुर सिंह, 05 केडी, 22. 916/संजय कुमार शुक्ल, लखनऊ, 23. 3622/सैयद शादाब हुसैन, बस्ती, 24. 3603/हिमांशु राठौर, मऊ, 25. 906/सुधाकर शर्मा, यूपी–112, 26. 917/कुँवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थनगर, 27. 3616/राहुल द्विवेदी, रेडियो मुख्यालय, 28. 952/राधेश्याम श्रीवास्तव, सीतापुर, 29. 861/सच्चिदानन्द राय, वाराणसी, 30. 3577/उर्मिला शाही, गोरखपुर, 31. 3583/अनुज कुमार, बागपत, 32. 3610/नरसिंह नारायण दीक्षित, लखनऊ, 33. 903/संतोष कुमार, 05 केडी, 34. 1008/जुबैर खॉ, अलीगढ़, 35. 53/रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी, रेडियो मुख्यालय, 36. 3621/सतीश कुमार द्विवेदी, रेडियो मुख्यालय, 37. 4514/सुनीता जायसवाल, रेडियो मुख्यालय, 38. 3591/अतुल त्रिवेदी, बरेली, 39. 3608/मुकेश कुमार, मथुरा, 40. 3590/अंजनी कुमार सिंह, रायबरेली एवं 41. 3570/संजय सिंह, ललितपुर।

● उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–433/2022 दिनांक 04.03.2023 द्वारा निम्नलिखित रेडियो उपनिरीक्षकों को रिक्ति के सापेक्ष रेडियो निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. दीप्ति कुशवाहा, कासगंज, 2. भावना श्रीवास्तव, कानपुर नगर, 3. अलका बाजपेई, कानपुर नगर, 4. सुरेन्द्र पाल सिंह, सहारनपुर, 5. योगेन्द्र सिंह, पीलीभीत एवं 6. सुरेन्द्र प्रताप सिंह, यूपी–112।

## सेवानिवृत्ति

● उ0प्र0 पुलिस रेडियो से मार्च–2023 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर निम्न 14 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो निरीक्षक, श्री शत्रुघ्न प्रसाद गिरि, गाजीपुर, 2. रेडियो निरीक्षक, श्री सर्वेश कुमार, मेरठ, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री योगेश कुमार, गाजियाबाद, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम रक्षा मौर्य, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मनोज कुमार, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रमेश चन्द्र, हापुड़, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश नारायण त्रिपाठी, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनिल कुमार सिंह, सुल्तानपुर, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उमा शंकर पाण्डेय, 12वीं वाहिनी, फतेहपुर, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मंसूर अहमद, 36वीं वाहिनी, वाराणसी, 12. मुख्य आरक्षी चालक, श्री रमेश चन्द्र, बरेली, 13. कर्मशाला कर्मचारी, श्री सत्येन्द्र सिंह सेंगर, जालौन एवं 14. संदेश वाहक, श्री बद्री प्रसाद, खीरी।









सेवानिवृत्त हुए सभी कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी।

## श्रद्धान्जलि

● 24वीं वाहिनी पीएसी, मुरादाबाद में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, नसीर अहमद खान का दिनांक 24.03.2023 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त के असामयिक निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त श्री खान के परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## आई0पी0एस0 प्रशिक्षुओं का मुख्यालय भ्रमण

• अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक, डा0 बी0आर0 आम्बेडकर, उ0प्र0 पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के पत्र संख्या: प–40/2023 दिनांक 22.03.2023 द्वारा भारतीय पुलिस सेवा 74 आरआर (2021 बैच) के 16 प्रशिक्षु अधिकारियों का दिनांक 28.03.2023 को पुलिस रेडियो मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट वार्ता एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय की कार्यविधि की जानकारी सम्बन्धी कार्यक्रम से अवगत कराये जाने के क्रम में सभी आई0पी0एस0 प्रशिक्षुओं को पॉवर प्वाइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय जानकारी प्रदान की गयी एवं मुख्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कराकर सम्बन्धित कार्यों की जानकारी भी दी गयी।



## तकनीकी विशेषांक

### चैट जीपीटी

• एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2018 से 2023 के बीच कम्पनियों ने अपनी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (ए0आई0) क्षमता को दोगुना कर दिया है। इन प्रयासों और इस दिशा में चलने वाले शोध की ही एक बेमिसाल परिणति है, चैट जीपीटी। ओपेन ए0आई0 द्वारा विकसित चैट जीपीटी अब तक का सबसे एडवांस चैटबाट है। यह प्रश्नों का उत्तर देने, सूचना प्रदान करने और निर्णय लेने में मददगार टूल है। यूजर इनपुट को समझने और उस पर प्रतिक्रिया देने के लिए यह नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग करता है। यह मशीनी दिमाग टेक्सट जेनरेट करने से लेकर तरह–तरह की ग्राहक सेवाओं जैसे कार्यों को पलक झपकते कर सकता है।

गणित के कठिन प्रश्नों को हल करने, प्रोग्रामिंग में कोड लिखने एवं जॉचने, जटिल विषयों को आसान भाषा में समझने, रिज्यूमे/कवरिंग लेटर तैयार करने, किसी भी विषय पर निबन्ध लिखने एवं ग्राहक सेवाओं में समस्याओं और शिकायतों के निदान इत्यादि में चैट जीपीटी काफी मददगार है।

रचनात्मक लेखन हेतु सवाल पूछे जाने पर चैट जीपीटी कुछ आइडिया सुझा सकता है। किसी भी प्रकार की एप्लीकेशन लिखने हेतु की–वर्ड टाइप करने के उपरान्त यह पूरी एप्लीकेशन प्रस्तुत कर सकता है।

इस दिशा में, माइक्रोसाफ्ट कम्पनी ने भी अपने माइक्रोसाफ्ट ऑफिस के लेटेस्ट वर्जन में माइक्रोसाफ्ट एक्सेल में ए0आई0 एडेड फार्मूला एडिटर नाम का प्लग–इन शामिल किया है, जिससे किसी भी एक्सेल फार्मूला हेतु मात्र की–वर्ड को टाइप करके वांछित फार्मूले को प्राप्त किया जा सकता है।

मशीन इंटलीजेन्स से कुछ नौकरियॉ कम हो सकती हैं, लेकिन इस तकनीक से रोजगार के नये मौके भी बनेंगे। मशीन इंटलीजेन्स का कार्य पुनरावृत्ति, अनुमान और डेटा पर आधारित है, ऐसे में इस तरह के कार्यों के लिए आटोमेशन खतरा हो सकता है। रचनात्मक, मानव सम्पर्क और क्रिटिकल थिंकिंग वाली नौकरियों पर आटोमेशन का प्रभाव न्यूनतम रहेगा।

### ई-सिम

• ई–सिम का अर्थ है– इंबेडेड सब्सक्राइबर आइडेंटिटी मॉड्यूल। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, टैबलेट आदि में इस वर्चुअल सिम का उपयोग होता है। इसे टेलीकॉम कम्पनी के जरिए ओवर–द–इयर एक्टीवेट किया जाता है। ई–सिम और फिजिकल सिम के कार्य करने के तरीके में कोई अन्तर नहीं है। यह सिम भी 4जी, 5जी जैसे नेटवर्क का सपोर्ट करता है। इस सेवा के लिए फोन में डुअल सिम की सुविधा होना जरूरी है। देश में जियो, एयरटेल और वोडाफोन ई–सिम सर्विस मुहैया कराने लगे हैं।

सीडीएमए फोन में भी नहीं होता है सिम: सीडीएमए (कोड डिवीजन मल्टीपल एक्सेस) फोन में भी फिजिकल सिम कार्ड की सुविधा नहीं होती है। यह डाटा ट्रांसमिशन के लिए स्प्रेड स्पेक्ट्रम तकनीक का उपयोग करता है। इसमें बातचीत के प्रत्येक हिस्से को खास डिजिटल कोड के साथ लेबल किया जाता है। यूजर्स और एकाउण्ट की पूरी जानकारी हैंडसेट की इंटरनल मेमोरी में होती है। वैसे, सीडीएमए और जीएसएम (ग्लोबल सिस्टम मोबाइल) फोन को पहचानने का एक आसान तरीका यह है कि अगर मोबाइल फोन में फिजिकल सिम कार्ड है, तो वह जीएसएम डिवाइस है।

ई–सिम से मोबाइल नेटवर्क स्विच करना आसान हो जाता है। एक बार में एक ई–सिम पर अधिकतम पॉच वर्चुअल सिम कार्ड स्टोर किए जा सकते हैं यानि किसी नेटवर्क पर सिगनल की दिक्कत है, तो उसे तुरन्त स्विच ओवर किया जा सकता है। एपल, सैमसंग, गूगल, मोटोरोला इत्यादि कम्पनी के मोबाइल फोन्स ई–सिम को सपोर्ट करते हैं।

ई–सिम का नुकसान यह है कि यदि स्मार्ट फोन खराब हो जाता है तो फिजिकल सिम को दूसरे फोन में लगाया जा सकता है मगर ई–सिम में यह थोड़ा पेचीदा है हालांकि क्लाउड इन्फार्मेशन एवं कान्टेक्ट्स को स्टोर किया जा सकता है।

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।